खास-खबरें

रवि पुष्य के महासंयोग और घटे दामों से गुलजार हुआ उज्जैन का सराफा बाजार



नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः दीपावली से पहले रवि पुष्य और स्वाती नक्षत्र के शुभ संयोग तथा सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट से उज्जैन का सराफा बाजार गुलजार हो गया। रविवार को शहर की 500 से अधिक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। व्यापारियों के अनुसार, अकेले सराफा बाजार में करीब 100 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। मध्य प्रदेश स्वर्णकार संघ के उपाध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि रवि पुष्य के साथ स्वाती नक्षत्र का दुर्लभ संयोग लंबे समय बाद आया है। सोने-चांदी के दाम घटने से ग्राहकों में दोगुना उत्साह नजर आया। इस बार बाजार में लाइटवेट और फैंसी ज्वेलरी की विशेष वैरायटी तैयार की गई थी, जिसे ग्राहकों ने पसंद किया। कारोबारियों के अनुसार, सोने के जेवर का भाव करीब 1,25,900 रुपये और चांदी का भाव लगभग 1,70,000 रुपये रहा। लखेरवाड़ी स्थित श्री भैरव सिल्वर गोल्ड एंड डायमंड के संचालक सिद्धार्थ जैन ने बताया कि ऊंचे भाव के कारण पिछले महीनों में चांदी के भारी बर्तन और ठोस मूर्तियों की बिक्री कम हो गई थी। कीमतों में गिरावट के बाद थाली, कटोरी, गिलास, मूर्तियों, चांदी के पर्स, कछुए, मछली और सिक्कों की मांग बढ़ी है। सराफा ट्रेड फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने भी बताया कि घटे भावों का व्यापार को फायदा मिला है। ग्राहक खास तौर पर लाइटवेट ज्वेलरी और सिक्के खरीद रहे हैं। खरीदारी करने पहुंचीं कुमकुम खत्री और मेघा भाटिया ने भी शुभ मुहूर्त और आधुनिक डिजाइनों को खरीदारी की वजह बताया। सराफा बाजार के साथ ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूमों में भी ग्राहकों की चहल-पहल रही।

शिक्षक लख्मीचंद वर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी सम्मानपूर्वक विदाई



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः शिक्षक लख्मीचंद वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर ग्रामवासियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने श्री वर्मा के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सम्मान समारोह में ग्रामवासियों ने श्री वर्मा का सम्मान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खेमचंद पटेल, काशीराम वर्मा, देवीराम गौर, गोवर्धन साहू, अशोक साहू, विनोद पटेल, आशीष वर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित पटेल ने किया। उन्होंने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए समारोह का समापन किया।

गुरु दा लंगर टीम के साथ विधायक सुदेश राय ने मरीजों को किया भोजन का वितरण



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोर : शहर में संचालित गुरु दा लंगर टीम के द्वारा भोजन प्रसादी वितरण के 3 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को जिला अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। विधायक सुदेश राय ने जिला अस्पताल में जरूरतमंद मरीज और उनके परिजनों को गुरु दा लंगर टीम के सदस्यों के साथ भोजन का वितरण किया। गुरु दा लंगर टीम के द्वारा विधायक सुदेश राय का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। विधायक सुदेश राय ने गुरु दा लंगर टीम के द्वारा प्रति रविवार को मरीज और उनके परिजनों को उपलब्ध कराए जाने वाले निशुल्क भोजन व्यवस्था की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि गुरू दा लंगर टीम इसी प्रकार सेवा कार्य करती रहे हर प्रकार का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक सुदेश राय ने भोजन सेवा के 3 वर्ष पूर्ण होने पर गुरु का लंगर टीम को बधाई शुभकामनाएं दी।

श्रमजीवी पत्रकार संघ की रायसेन जिला इकाई भंग, बारेलाल सूर्यवंशी बने सदस्यता प्रभारी



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ में संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। दतिया में आयोजित संघ के प्रांतीय सम्मेलन में प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने रायसेन जिला इकाई को भंग करने की घोषणा की। साथ ही बारेलाल सूर्यवंशी को रायसेन जिले का सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस निर्णय के बाद जिले में संगठन की गतिविधियों और सदस्यता अभियान का संचालन नए स्वरूप में किया जाएगा। प्रदेश सचिव मथुरा रजक के निर्देशन में रायसेन जिले में संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

टीम पहल वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में रविवार को टीम पहल वृद्धाश्रम बरेली में स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम में निवासरत सभी 27 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान बुजुर्गों की टीबी स्क्रीनिंग, गैर-संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं। जांच के बाद आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

उज्जैन में होटल के वेस्ट टैंक में जहरीली गैस से चार सफाईकर्मियों की मौत

बचाने के प्रयास में एक-एक कर टैंक में उतरे चारों युवक, होटल प्रबंधन देगा 30-30 लाख रुपये, मुख्यमंत्री ने 4-4 लाख की सहायता घोषित की











नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः महाकाल की नगरी उज्जैन में देवास रोड स्थित होटल श्रीगंगा परिसर में शनिवार देर रात दर्दनाक हादसे में चार सफाईकर्मियों की मौत हो गई। होटल के फूड वेस्ट टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी से चारों युवक बेहोश हो गए। उन्हें करीब डेढ़ घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में एक अन्य सफाईकर्मी, होटल मैनेजर और रेस्क्यू में शामिल पुलिसकर्मी भी अचेत हुए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सफाई के दौरान हुआ हादसाः जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 11:45 बजे होटल के निर्माण इकाई और किचन से निकलने वाले खाद्य अवशेष, चाशनी और वसा को साफ करने का काम कराया जा रहा था। इसके लिए सचिन नामक व्यक्ति ने 11 हजार रुपये में चैंबर की सफाई का ठेका लिया था। ऊपरी मंजिल से चैंबर में पानी डाला जा रहा था।

इसी दौरान कमलेश तंबोली सफाई करते समय संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गए। उन्हें बचाने के लिए नितिन और वाहिद खान टैंक में उतरे। तीनों को संकट में देखकर होटल के सुपरवाइजर मनोज मीणा भी नीचे उतर गए। चैंबर में लंबे समय से सड़ रहे खाद्य अवशेषों से बनी जहरीली गैसों और ऑक्सीजन की कमी के कारण चारों युवक बाहर नहीं निकल सके।

पांचवें सफाईकर्मी हेमराज ने भी साथियों को बचाने के लिए नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन चक्कर और दम घुटने का अहसास होने पर वह बाहर आ गया। इससे उसकी जान बच गई।

थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया और पुलिसकर्मियों ने मौके पर सीपीआर देकर उन्हें बचाने का प्रयास किया। इसके बाद चारों को चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सीएमएचओ डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चारों की मौत दम घुटने से होना सामने आया है। वेस्ट टैंक में ऑक्सीजन की कमी थी। अंतिम स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

परिजनों का आक्रोश, 1.36 करोड़ की सहायताः रविवार सुबह चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर मृतकों के परिजनों और वाल्मीकि समाज के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने होटल संचालक और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई तथा आर्थिक सहायता की मांग की। स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल और समाजसेवी नारायण यादव अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। आदर्श वाल्मीकि महापंचायत के अध्यक्ष राकेश गिर ने मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में होटल प्रबंधन के साथ चर्चा हुई। सांसद अनिल फिरोजिया और महापंचायत अध्यक्ष राकेश गिर ने बताया कि होटल श्रीगंगा के संचालक चेतन गुप्ता ने चारों मृतकों के परिजनों को 30-30 लाख रुपये, कुल 1 करोड़ 20 लाख रुपये की सहायता देने का लिखित आश्वासन दिया और चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सरकार की ओर से चारों परिवारों को 4-4 लाख रुपये, कुल 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस प्रकार कुल 1 करोड़ 36 लाख रुपये की सहायता तय की गई।

मृतकों के परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़: हादसे में कमलेश तंबोली (30), नितिन (22), वाहिद खान (35) और मनोज मीणा (25) की मौत हुई है। कमलेश मजदूरी करते थे और उनकी चार साल की बेटी है। नितिन नगर निगम में संविदा कर्मचारी थे। वाहिद खान अस्पताल में सफाईकर्मी थे और चार बच्चों सहित परिवार का भरण-पोषण करते थे। मनोज मीणा होटल में सुपरवाइजर थे और चार दिन की छुट्टी के बाद शनिवार को ही काम पर लौटे थे।

सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जांचः नियमों के अनुसार सीवर और वेस्ट टैंक की सफाई के लिए यांत्रिक मशीनों का उपयोग किया जाना चाहिए। बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी व्यक्ति को टैंक में उतारना गंभीर लापरवाही है। गैस डिटेक्टर, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन किट, सुरक्षा बेल्ट और सक्शन मशीन जैसे उपकरणों का उपयोग आवश्यक है।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने शहर के होटल, निजी एजेंसियों और अन्य संस्थानों में सफाई व्यवस्था की जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही के पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। नगर निगम ने भी होटल के चैंबरों की सफाई व्यवस्था की जांच शुरू की है।

कटर मशीन से काटकर निकाले गए युवक

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग, सीएसपी दीपिका शिंदे और माधव नगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चैंबर का गेट जाम होने और लोहे की मोटी परत के कारण निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली कटर मशीन मंगाई गई। चैंबर को काटने में कटर मशीन के आठ पत्ते खर्च हुए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद चारों युवकों को बाहर निकाला गया।

गौरकर बंधु हत्याकांड का 19वां आरोपी रोहित पासी गिरफ्तार



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः नीलगंगा चौराहे पर जुलाई 2026 में हुए चर्चित गौरकर बंधु दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 19वें आरोपी रोहित पासी को गिरफ्तार कर लिया है। नागपुर से उज्जैन लाते समय नागझिरी थाना क्षेत्र के गरोड़ बायपास पर पुलिस वाहन खराब हो गया। वाहन ठीक कराने के दौरान आरोपी ने अभिरक्षा से भागने की कोशिश की और ब्रिज से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील के अनुसार, रोहित पिता राकेश पासी की लोकेशन महाराष्ट्र के नागपुर में मिलने पर नीलगंगा पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम वहां रवाना हुई थी। टीम ने दबिश देकर उसे हिरासत में लिया और उज्जैन लेकर आ रही थी। शहर की सीमा में प्रवेश से पहले पुलिस वाहन में तकनीकी खराबी आ गई। मैकेनिक के आने और वाहन सुधरने के दौरान रोहित मौका देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया, लेकिन ब्रिज पर चढ़ते समय संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में सात से आठ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अब तक 19 आरोपी गिरफ्तारः 18 जुलाई की देर रात नीलगंगा चौराहे पर पुरानी रंजिश को लेकर पासी गुट और गौरकर परिवार के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। घटना के बाद पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। रोहित पासी की गिरफ्तारी के बाद अब तक कुल 19 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

महाकाल मंदिर मार्ग पर बेगमबाग में 11 अवैध इमारतें जमींदोज

40 साल पुरानी लीज निरस्त होने के बाद कार्रवाई, सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने बेगमबाग क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए), नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने आवासीय लीज पर व्यावसायिक निर्माण करने वाली 11 अवैध इमारतों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट तक से राहत नहीं मिलने के बाद रहवासियों ने स्वयं मकान और दुकानें खाली कर दीं। इसके चलते कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

आवासीय भूखंडों पर बना लिए थे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्सः मामला महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग स्थित बेगमबाग और हरिफाटक आवासीय योजना की जमीन से जुड़ा है। यूडीए ने वर्ष 1985 के आसपास करीब 48 भूखंड 30 वर्ष की लीज पर आवासीय उद्देश्य से आवंटित किए थे। भूखंड धारकों ने बिना अनुमति 2400-2400 वर्गफीट के भूखंडों को 106 हिस्सों में बांटकर बहुमंजिला व्यावसायिक इमारतें बना लीं।

वर्ष 2014-15 में लीज अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण नहीं कराया गया। इसके बाद प्राधिकरण ने लीज निरस्त कर दी। लीज निरस्ती के खिलाफ भूखंड धारक अदालत पहुंचे, लेकिन निचली अदालत, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली।

तीन पोकलेन और दो जेसीबी से हटाए निर्माणः यूडीए के संपदा अधिकारी जीवन मौघे ने बताया कि भूखंड क्रमांक 53, 57, 270 ए और 270 बी पर 11 अवैध निर्माण हटाने के आदेश जारी किए गए थे। इसके तहत कब्जा प्राप्त कर कार्रवाई की गई। तीन पोकलेन और दो जेसीबी मशीनों की मदद से इमारतों को ध्वस्त किया गया।

उन्होंने बताया कि इससे पहले अलग-अलग चरणों में 88 अवैध इमारतें हटाई जा चुकी थीं। मंगलवार की कार्रवाई के साथ कुल 99 इमारतें हटाई जा चुकी हैं। शेष सात इमारतों पर भी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

रहवासियों ने स्वयं खाली किए मकान और दुकानेंः स्थानीय रहवासी नौशाद ने बताया कि न्यायालय के निर्णय और नियमों का सम्मान करते हुए लोगों ने अपनी इमारतें और दुकानें स्वयं खाली कर दी थीं। प्रशासन की ओर से कानूनी स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद रहवासियों ने सहयोग किया।

सिंहस्थ के लिए बनेगा आधुनिक ओवरब्रिजः कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। करीब 20 थानों का पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर श्रद्धालुओं और यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया।

संपदा अधिकारी जीवन मौघे ने बताया कि खाली कराई गई जमीन पर सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर आधुनिक ओवरब्रिज और चौड़े आस्था पथ का निर्माण प्रस्तावित है। इससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकाल मंदिर पहुंचने में सुविधा मिलेगी और यातायात जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

बाहरी दीपों के साथ अंतर्मन में भी जलाएं ज्ञान का दीप : ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः दीपावली के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक ज्ञान, आत्मचिंतन, सकारात्मकता और श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा भलावी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। अज्ञानता के कारण मनुष्य दुख, भय और चिंता में भटकता रहता है। आत्मा में ज्ञान का दीप प्रज्वलित होने पर ही जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का सवेरा आता है।

ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि मिट्टी के दीपक की तरह मानव शरीर भी आत्मा की ज्योति से प्रकाशित होता है। ज्ञान और दिव्य गुणों से युक्त जीवन मनुष्य को श्रेष्ठ कर्मों की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि बाहरी दीपावली के साथ अंतर्मन में भी ज्ञान का दीप जलाना आवश्यक है। उन्होंने दीपावली के धार्मिक प्रतीकों का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि घर की सफाई के साथ मन में छिपी ईर्ष्या, द्वेष, घृणा और अहंकार जैसे विकारों को भी दूर करना चाहिए। पवित्रता और श्रेष्ठ संस्कारों से ही स्वच्छ एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण संभव है।

एसडीओपी शिखा भलावी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में नई ऊर्जा, चेतना और सकारात्मकता का संचार करते हैं। समारोह में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

गंजबासौदा में 21 नवंबर तक रहेगी यातायात डायवर्सन व्यवस्था

गंजबासौदा। दीपावली एवं आगामी त्योहारों के दौरान शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए 1 नवंबर से 21 नवंबर तक यातायात डायवर्सन व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहनों के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रतिबंध लगाया गया है। त्योहारी बाजार के चलते ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों का शहर में आवागमन होता है। वहीं कृषि उपज के क्रय-विक्रय के लिए आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और भारी वाहनों के मार्ग में खड़े होने से यातायात बाधित होता है। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यातायात व्यवस्था के तहत भावशार पुलिया से जय स्तंभ और सिंधी तिराहे के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

स्वदेशी गोवंश संरक्षण और गो-उत्पादों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः दीपावली पर घर-आंगन रोशन करने के साथ स्वदेशी गोवंश के संरक्षण और गो-उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम ने अनूठी पहल की है। आश्रम में गाय के गोबर से पांच हजार दीपों का निर्माण कराया गया है। इन दीपों को आश्रम के विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार कर आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है।

आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी द्वारा स्थापित आश्रम में दीपावली उत्सव के अवसर पर गोबर से दीप निर्माण कराया गया है। आश्रम में डेढ़ सौ से अधिक गोवंश हैं। गोवंश से प्राप्त गोबर का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को इस कार्य से जोड़ा गया है।

गोबर और मिट्टी के मिश्रण को विशेष सांचों की सहायता से दीपों का आकार दिया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता से इन्हें रंग-बिरंगे रंगों से सजाकर आकर्षक बनाया।

आवारा सांडों के आतंक से क्षेत्रवासी परेशान, हादसों का बढ़ रहा खतरा

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में आवारा सांडों की बढ़ती संख्या और उनके हमलावर व्यवहार से रहवासी परेशान हैं। आए दिन सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते आवारा सांडों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार ये सांड राह चलते लोगों और वाहन चालकों पर हमला कर देते हैं, जिससे लोगों को चोटें भी पहुंच रही हैं। हाल ही में एक आवारा सांड ने एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भय और चिंता का माहौल है। छावनी और बाजार के क्षेत्र में आगामी त्यौहारों को देखते हुए भीड़ बढ़ेगी जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ेगी इसलिए तत्काल प्रभावी कदम उठाया जाए।

इस समस्या को लेकर पार्षद प्रतिनिधि आशीष गहलोत ने जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न मार्गों, गलियों, बाजारों और रहवासी क्षेत्रों में आवारा सांडों का जमावड़ा देखा जा रहा है। कई बार सांड सड़क के बीचोंबीच खड़े हो जाते हैं या अचानक राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे में बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और वाहन चालकों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है।

श्री गहलोत ने कहा कि आवारा सांडों के कारण होने वाली घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। गत दिनों एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने इस समस्या की गंभीरता को सामने ला दिया है।

29 को मनाया जाएगा सीहोर का नगर गौरव दिवस



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शहर की गौरवशाली विरासत, ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 29 नवंबर को नगर पालिका के तत्वावधान में सीहोर का नगर गौरव दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के बाल विहार मैदान में विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली प्रतिभाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले नागरिकों को नगर गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर रविवार को शहर के बस स्टैंड स्थित आदि श्री होटल में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

पत्रकारवार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नपा सीएमओ सुधीर सिंह, नगर पालिका के समस्त पार्षदगण सहित समाजसेवी बृजमोहन सोनी, कीर्ति श्रीवास्तव, शेर सिंह राजपूत, अशोक सिसोदिया, आशीष पचौरी, राजेश परिहार और बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मीडिया और पत्रकार बंधुओं के सहयोग से नगर गौरव दिवस का आयोजन भव्यता के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि शहर की पहचान, उपलब्धियों और गौरवशाली परंपराओं को सम्मान देने का अवसर है। नगर के विकास और सकारात्मक पहचान को आगे बढ़ाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

पत्रकारवार्ता के दौरान नगर गौरव दिवस के आयोजन, उसकी रूपरेखा और प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर पत्रकार साथियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान शहर की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं और विशिष्ट पहचान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही पत्रकारों और शहरवासियों से आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।

प्रतिभाओं को मिलेगा नगर गौरव सम्मानः नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि बाल विहार मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शहर और क्षेत्र की उन प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और उपलब्धियों से सीहोर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभाशाली नागरिकों को नगर गौरव सम्मान प्रदान कर उनका अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर गौरव दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और सेलिब्रिटी को भी मंच पर आमंत्रित कर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।